ऐसी पिलाई साकी कुर्बान हो चुके हम भजन लिरिक्स

ऐसी पिलाई साकी,
कुर्बान हो चुके हम,
अब तक रहे जो बाकी,
अरमान खो चुके हम।bd।

करते हो दिल्लगी तुम,
अव्वल बनाके पागल,
कूचे में तेरे आकर,
बदनाम हो चुके हम,
ऐसी पिलायी साकी,
कुर्बान हो चुके हम।bd।

पहला ही जाम भरकर,
ऐसा हमे पिलाया,
सारी अक्ल हुनर खो,
नादान हो चुके हम,
ऐसी पिलायी साकी,
कुर्बान हो चुके हम।bd।

बिल्कुल नही रहे अब,
दुनिया के काम के कुछ,
बस अब तो तेरे दर के,
मेहमान हो चुके हम,
ऐसी पिलायी साकी,
कुर्बान हो चुके हम।bd।

रहती हवस ये दिल में,
भर भर के जाम पियें,
इनकार तुम ना करना,
इकरार कर चुके हम,
ऐसी पिलायी साकी,
कुर्बान हो चुके हम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ऐसी पिलाई साकी,
कुर्बान हो चुके हम,
अब तक रहे जो बाकी,
अरमान खो चुके हम।bd।

गायक – मनीष अनेजा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com